आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484





# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :394 पृष्ठ -4 दिनांक 05 फरवरी 2025 दिन बुधवार

## महाकुंभ को लेकर जया बच्चन के बयान पर विवाद ,दर्ज होगी FIR विश्व हिन्दू परिषद ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई

## समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने प्रयागराज महाकुंभ में सबसे दूषित पानी होने का आरोप लगाया

समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने प्रयागराज महाकुंभ में सबसे दूषित पानी होने का आरोप लगाया है, जिसे लेकर सियासत तेज हो गई है. सपा सांसद ने दावा किया कि भगदड़ में जान गंवाने वालों की लाशों को पानी में बहा दिया गया. उनके इस बयान पर विश्व हिन्दू परिषद ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है. वीएचपी के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने जया बच्चन को गिरफ्तार करने की मांग की है. जया बच्चन के इस बयान पर विश्व हिन्दू परिषद की तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली है. अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के मुताबिक वीएचपी नेता शरद शर्मा ने कहा कि ष्जया बच्चन ने महाकुंभ को लेकर जो गलत और झूठे बयान देकर सनसनी फैलाने की कोशिश की है उसके लिए उन्हें गिरफ्तार किया जाना



चाहिए. उन्होंने कहा कि महाकुंभ सनातनियों की आस्था और भक्ति का आधार है. जहां धर्म, कर्म और मोक्ष मिलता है. इससे करोड़ों लोगों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं. बता दें कि सपा सांसद जया बच्चन ने सोमवार को संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए महाकुंभ में सबसे दूषित पानी होने की बात कही थी. उन्होंने कहा कि जलशक्ति विभाग इस समय गंदे पानी पर चर्चा कर रहा है. इस समय पानी सबसे ज्यादा प्रदूषित पानी कुंभ में है. जहां (भगदड़ में मरने वालों के) लाशें नदी में फेकीं गईं हैं, जिसके कारण पानी प्रदूषित हो गया है. उन्होंने कहा कि लाशें गंगा में फेंक दी गईं और वहीं पानी लोगों तक आ रहा है इस दौरान उन्होंने वीआईपी कल्चर को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि कुंभ में आने वाले आम लोगों को कोई विशेष सुविधा नहीं मिल रही है, उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है. जबकि वीआईपी लोगों को स्पेशल ट्रीटमेंट मिलता है. उन्होंने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कुंभ में मारे गए लोगों का सही आंकड़ा भी जारी नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार झूठ बोल रही है कि करोड़ों लोग उस स्थान पर आए हैं. किसी भी समय इतनी बड़ी संख्या में लोग वहां कैसे एकत्र हो सकते हैं?

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 5 फरवरी को . प्रयागराज महाकुंभ जा सकते हैं

उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरा करने की खबरें हैं. इन खबरों पर समाजवादी पार्टी ने प्रतिक्रिया दी है. सपा सांसद रामगोपाल यादव ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी और पीएम से बड़ी अपील की. समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के कल महाकुंभ में जाने की खबरों पर कहा– 1954 में जब बहुत बड़ी भगदड़ मची थी, तो जवाहर लाल नेहरू ने सदन में पहले ही दिन कहा था कि 400 लोग मारे गए हैं और 2000 लोग घायल हैं और उन्होंने अपना बयान दिया था, उसके बाद सरकार ने कहा था कि कोई भी टप्च न जाए जिससे लोगों को असुविधा हो, लेकिन हमारे मुख्यमंत्री वहां रोज रहते हैं. यह प्रधानमंत्री को सोचना है कि उन्हें जाना चाहिए या नहीं और अगर वे जाते हैं तो उन्हें उन लोगों से भी मिलना चाहिए जिनके लोग खो गए हैं और जो उन्हें खोज रहे हैं.सूत्रों की मानें तो पीएम नरेंद्र मोदी, बुधवार 5 फरवरी को महाकुंभ में संगम घाट पर स्नान करेंगे. हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं आई है. हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गईउधर, प्रयागराज महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान बसंत पंचमी पर



सोमवार तड़के से ही देश–दुनिया के श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम पर जुटने लगे और शाम चार बजे तक करीब दो करोड़ लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई. मेला प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि संगम घाट पर नागा साधु–संतों और आम श्रद्धालुओं के स्नान के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई. हर किसी ने अमृत स्नान का अलौकिक आनंद लिया और चारों ओर 'हर हर गंगे' का घोष सुनाई देता रहा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए रविवार को 'एक्स' पर लिखा, "महाकुंभ में मां गंगा, यमुना और सरस्वती की दिव्य धाराओं में पवित्र अमृत स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई."

## यूपी में बोर्ड परीक्षा की तैयारी तेज, हर जिले में .तैनात होंगे राज्य पर्यवेक्षक, कंट्रोल रूम से निगरानी

उत्तर प्रदेश में 24 फरवरी से हाई स्कूल और इंटर मीडिएट स्कूलों में बोर्ड परीक्षा शुरू होने जा रही है. जिसके लिए अभी से शासन स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है. परीक्षा को नकल विहीन और शुि. चतापूर्ण ढंग से कराने के लिए शिक्षा विभाग के समूह क स्तर के अधिकारियों को राज्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनाती दी जाएगी. एक जिले में एक पर्यवेक्षक नियुक्त होंगे. यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए प्रदेश के सभी 75 जिलों में पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने की सूची बनाई जा रही है. नियमों के तहत किसी पर्यवेक्षक को उसके गृह जनपद में तैनाती नहीं दी जाएगी. परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट व सचल दल बनाए जाएंगे जिसमें जिला स्तर के अधिकारी और शिक्षक होंगे और राज्य स्तर के पर्यवेक्षक जिले में स्ट्रांग रूम व परीक्षा के दौरान केंद्र की शुचिता का निरीक्षण करने के साथ टीमों संग समन्वय भी बनाएंगे. परीक्षा को नकल विहीन बनाने की तैयारी यूपी में 24 फरवरी से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट स्कूलों में बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं. जो अगले महीने 12 मार्च तक चलेंगी. इन परीक्षाओं के लिए राज्य पर्यवेक्षकों की लिस्ट लगभग बनकर तैयार है. विभाग से अनुमति मिलने के बाद इसे जारी कर दिया जाएगा. जिला पर्यवेक्षकों पर परीक्षा केंद्रों के परीक्षण के साथ जिला स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी होगी. जो यहां से जिले के तमाम परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी के माध्यम से ऑनलाइन निगरानी करेंगे. यूपी बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज और शि. विर कार्यालय लखनऊ में राज्य स्तर कंट्रोल रूम बनाए जा रहे हैं ताकि परीक्षा से पहले ही तमाम केंद्रों को कंट्रोल रूप से जोड़ा जा सके हैं. यूपी सरकार के निर्देश पर इस बार भी परीक्षाओं को नकल विहीन और शुचिता पूर्ण तरीके से संपन्न कराने की तमाम तैयारियां की जा रही है ताकि किसी तरह की गड़बड़ी न हो सके.

## यूपी में बदला मौसम,नोएडा-गाजियाबाद समेत . इन 22 जिलों में बारिश का अलर्ट, बढ़ेगी ठंड



उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदलने जा रहा हैं. पिछले कुछ दिनों से दिन में अच्छी खासी धूप निकल रही थी जिससे सर्दी का एहसास नहीं हो रहा था लेकिन अब पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश में बा. रिश के आसार बन गए हैं. आज मंगलवार 4 फरवरी से अगले दो दिन पश्चिमी यूपी मेंनोएडा–गाजियाबाद समेत कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. 6 फरवरी को एक बार फिर से मौसम के शुष्क रहने के अनुमान हैं लेकिन इस दौरान तेज हवाओं से परेशानी हो सकती है. मौसम विभाग विभाग के मुताबिक मंगलवार को पश्चिमी यूपी के 22 जिलों में कई जगहों पर गरज–चमक के साथ बारिश की बौछार पड़ने की संभावना है. इस दौरान देर रात और सुबह के समय कहीं–कहीं छिछला से मध्यम कोहरा छाने की संभावना जताई गई है. वहीं पूर्वी यूपी में कई जगहों पर कोहरा परेशान करेगा. 5 फरवरी को भी प्रदेश में कही–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है. जबकि पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहे हैं अगले दो दिन में गिरेगा तापमान मौसम विभाग के मुताबिक 6 फरवरी से प्रदेश का मौसम एक बार फिर से शुष्क रहेगा. लेकिन कई हल्की धुंध और कोहरे से राहत नहीं मिलेगी. गुरुवार से प्रदेश में 20–30 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है. 9 फरवरी तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया गया है. मौसम विभाग के मुता. बिक अगले दो दिन तक अधिकतम तापमान मे बारिश की वजह से 2–3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है उसके बाद धीरे–धीरे तापमान बढ़ने लगेगा. पिछले 24 घंटे में मेरठ में सबसे कम 8.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया. यूपी में आज नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत, मेरठ, हापुड़, मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, अम. रोहा और संभल में कई जगहों पर बा. रिश का अनुमान जताया गया है. जबकि मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, बदायूं, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा में एक या दो जगहों पर बारिश हो सकती है. इसके साथ ही सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, सँभल, मुरादाबाद और रामपुर में कई जगहों पर बिजली की चमक के साथ बारिश के आसार है.

## यूपी में और भी रूट्स पर शुरू होगी नमो भारत ट्रेन, इन जिलों को मिलेगा सीधा फायदा

उत्तर प्रदेश में कानपुर–लखनऊ जैसे बड़े शहरों में छोटी–छोटी दूरियों के लिए अब नमो भारत ट्रेन को चलाने की तैयारी है. जिससे एक जिले दूसरे जिले की बीच दूरियां कम हो जाएंगी और कनेक्टिविटी बढ़ेगी. रेल मंत्रालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल प्रेस कान्फ्रेंस के जरिए यूपी की प्रस्तावित योजनाओं के बारे में जानकारी दी. योजना के मुता. बिक नमो भारत ट्रेन लखनऊ से कानपुर और मेरठ–सहारनपुर जैसी छोटी दूरियों के बीच दौड़ती हुई नजर आएगी. इन ट्रेनों का स्टोपेज सभी प्रमुख स्टेशनों पर दिया जाएगा. ये ट्रेनें अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस होंगी और इनमें सभी |ꀁ बोगियां लगाईं जाएंगी. जिससे यात्रियों को आने–जाने में सुविधा होगी. यूपी रेल नेटवर्क में तेजी से बढ़ोतरी रेल मंत्री ने उत्तर प्रदेश को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि रेल मंत्रालय ने इसके 19858 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है. इसके साथ ही 1.04 हजार करोड़ करोड़ रुपये का निवेश भी प्रदेश में किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि प्रदेश में दोहरी, तिहरी लाइनों और अमृत भारत स्टेशनों का विकास भी तेजी से किया जा रहा हैं. यूपी में रेल कनेवि. टविटी बढ़ाने पर काम हो रहा है. अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पिछले दस सालों में यूपी में 5200 किमी की नई ला. इनें बिछाई गई हैं. यही नहीं 157 स्टेशनों का विकास अमृत भारत योजना से हो रहा है. प्रदेश में रेलवे के विस्तार पर उन्होंने बताया कि यूपी में 20 जिलों से होते हुए 14 वंदे भारत ट्रेन निकल रही है. रेल मंत्री ने इस दौरान यूपी के सीएम योगी की भी तारीफ की और कहा कि रेल नेटवर्क बढ़ाने में यूपी के मुख्यमंत्री का भी पूरा साथ मिल रहा है.

## समाजवादी पार्टी के दो लोकसभा सांसद देना चाहते हैं इस्तीफा! जानें क्या है इसके पीछे की वजह?

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के दो सांसदों ने इस्तीफा देने की बात कही है. इसमें समाजवादी पार्टी प्रमुख और कन्नौज से लोकसभा सांसद अखिलेश यादव भी शामिल हैं. उन्होंने संसद में ही इस्तीफा देने की बात कही है. इससे पहले फैजाबाद सीट से सपा के सांसद अवधेश प्रसाद ने भी इस्तीफा देने की बात कही थी. हालांकि दोनों सांसदों ने दो अलग–अलग मुद्दों पर इस्तीफा देने की बात कही है. उनके इस बयान के बाद जमकर सियासी बवाल हो रहा है. बीते दिनों अयोध्या में दलित युवकी की हत्या के बाद सपा के सांसद अवधेश प्रसाद प्रेसवार्ता के दौरान ही फफक–फफक कर रोने लगे थे. तब उन्होंने कहा था कि दलित बेटी को न्याय मिलना चाहिए अगर मिला तो मैं अपने लोकसभा सदस्य के पद से इस्तीफा दे दूंगा. हालांकि इसपर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी थी और उन्होंने कहा था कि यह नौटंकी है वो नौटंकी कर रहे हैं. अगर जांच होगी तो इसमें भी कोई सपा नेता आरोपी निकलेगा.वहीं मंगलवार को लोकसभा में महाकुंभ भगदड़ पर अखिलेश यादव ने सरकार से सवाल पूछा. इसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अखिलेश यादव ने जवाब दिया. हालांकि इस बीच बीजेपी सांसदों के ओर से टोका–टोकी की गई. इसपर सपा प्रमुख ने कहा कि अगर मैं गलत कह रहा हूं तो अध्यक्ष महोदय मैं अपना इस्तीफा आपको देता हूं.केंद्रीय मंत्री ने दिया जवाब सपा प्रमुख ने कहा कि दिल्ली में चुनाव है अभिभाषण में राष्ट्रपति ने कहा कि यहां पर मेट्रो की जो दूरी है वो दो गुनी कर दी गई है. वहीं सपा प्रमुख के बयानों पर केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि कुंभ में जो हुआ वो एक हादसा था, समा. जवादी पार्टी हादसे पर राजनीति कर रही है. उससे बचना चाहिए.अखिलेश यादव ने कहा, ष्उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त नहीं की. जब देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने शोक संवे. दना व्यक्त की, तो 17 घंटे बाद (राज्य) सरकार ने इसे स्वीकार किया. ये वो लोग हैं जो आज भी सच्चाई को स्वीकार नहीं कर सकते.

## अयोध्या में युवती की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया

अयोध्या में युवती की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों ने हत्या के बाद युवती के शव को दूर तक घसीटा था। निजी अंगों को क्षतिग्रस्त किया, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और उसकी मौत हो गई अयोध्या कोतवाली इलाके में रहने वाली युवती की हत्या उसके गांव के ही तीन लोगों ने नशे की हालत में की थी। हत्या के बाद पहले शव छिपाने की कोशिश की। बाद में शव को काफी दूर तक घसीटा। निजी अंगों को क्षतिग्रस्त किया, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करके घटना का खुलासा किया है। शनिवार को उसका शव गांव के बाहर स्थित एक सूखी नहर में मिला था। अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करके छानबीन की जा रही थी। छानबीन के दौरान गांव के ही दिग्विजय सिंह, विजय साहू और हरीराम कोरी का नाम प्रकाश में आया। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने जुर्म स्वीकार किया। वहां तीनों ने मिलकर युवती की जमकर पिटाई की। मरणासन्न हालत में लाकर उससे दुष्कर्म का प्रयास भी किया। असफल हुए तो उसके निजी अंगों पर हमला कर दिया। अत्यधिक रक्तस्राव होने पर उसे आईटीआई कॉलेज में बने बाथरूम में लाया और बालू के ढेर पर रख दिया।रविवार की शाम तक ब्लाइंड मर्डर बनी रही इस सनसनीखेज वारदात का तेजी से खुलासा करने वाली टीम की एसएसपी राजकरन नय्यर ने



प्रशंसा की है। उन्होंने घटना के खुलासे के लिए प्रभारी निरीक्षक मनोज शर्मा, एसओजी प्रभारी अमरेश त्रिपाठी, चौकी इंचार्ज दर्शननगर जगन्नाथ मणि त्रिपाठी समेत लगभग सात टीमें लगी थीं। सभी ने विभिन्न तकनीकों का सहारा लेकर शीघ्रता से घटना का खुलासा किया है। आरोपियों को सख्त सजा दिलाने के लिए पैरवी की जाएगी।अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में युवती का शनिवार की दोपहर निर्वस्त्र शव गांव के बाहर एक सूखे नाले में मिला था। उसके हाथ–पैर पेड़ से बांधे थे। उसके निजी अंगों पर भी गहरे चोट के निशान थे। दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई गई थी। पुलिस ने शनिवार की दोपहर बाद लगभग चार बजे डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया था, लेकिन रविवार की दोपहर तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट बताने से पुलिस अधिकारी कतराते रहे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की मौत अत्यधिक रक्तस्राव से होना बताया गया है। उसकी पसलियां भी टूटी थीं और शरीर पर 30 से अधिक निशान मिले हैं, जो युवती से हुई दरिंदगी को बयां कर रहे हैं।सोमवार की सुबह प्रेसवार्ता में एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि गाव निवासी भोरई की पुत्री सोनी (22) बृहस्पतिवार की रात लापता हो गई थी। शुक्रवार उसके कपड़े व खून के धब्बे अलग–अलग जगहों से मिले थे।

# अलीगढ़ गला काटकर हत्या का सनसनीखेज खुलासा

अलीगढ़ कोतवाली पुलिस ने बिहारी कॉलोनी में गला काटकर की गई युवक की हत्या का महज 5 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है. पुलिस ने एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है. हत्या के कुलसी में तीन टीम में गठित की गई थी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया हैअलीगढ़ के कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला भु. जपुरा निवासी 35 वर्षीय रहीस पुत्र लियाकत को रविवार शाम कोई परिचित घर से बुलाकर अपने साथ ले गया. परिवार को लगा कि वह किसी काम से गया होगा, लेकिन जब वह रातभर घर नहीं लौटा, तो चिंता बढ़ गई. सोमवार सुबह मोहल्ले के लोगों ने देखा कि बिहारी कॉलोनी की झाड़ियों में एक युवक का गला कटा शव पड़ा है. शव की पहचान रहीस पुत्र लियाकत के रूप में हुई. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. हत्या की सूचना मिलते ही एसपी ग्रामीण अमृत जैन के नेतृत्व में



तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया. घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने फॉरेंसिक जांच करवाई और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए. सख्ती से जांच के दौरान पुलिस को एक एहम सुराग हाथ लगा, जिससे संदिग्ध आरोपी की पहचान हो गई. पुलिस ने केवल 5 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में हत्या के पीछे के कारणों का भी खुलासा होने की संभावना है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, हत्या के पीछे व्यक्तिगत रंजिश, पैसों का लेन–देन या आपसी विवाद कारण हो सकता है. हालांकि, सटीक कारण आरोपी से पूछताछ के बाद ही स्पष्ट होगा. आगे की कार्रवाई फिलहाल, पुलिस गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछ. ताछ कर रही है और अन्य संदिग्धों पर भी नजर बनाए हुए है. एसपी ग्रामीण अमृत जैन के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि अलीगढ़ के कोतवाली नगर में एक शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसके बाद तीन टीमें गठित की गई थी चंद घंटे में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है.

## कनाडा की राजनीति में दम दिखा रहीं एएमयू की छात्र नेता नायला, लड़ रहीं एमएलए का चुनाव

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के वीमेंस कॉलेज स्टूडेंट यूनियन की अध्यक्ष रहीं नायला सईद अब कनाडा में एमएलए का चुनाव लड़ रही हैं। वह पूर्व मंत्री सईदुज्जमा की बेटी हैं। कनाडा में रह रहे यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र–छात्राएं उनके समर्थन में उतर आई हैं। वर्तमान में वह नॉर्थ अमेरिका की एएमयू एलुमनाई एसोसिएशन की सचिव हैं।कनाडा के ऑरोरा ओक रिजेस–रिचमंड हिल चुनाव क्षेत्र से नायला किस्मत आजमा रही हैं। वहां 27 फरवरी को मतदान होगा। नायला को जिताने के लिए उनके समर्थन के लिए कनाडा में अपने सगे–संबंधियों को भारत में रह रहे लोग फोन कर रहे हैं।मुज्जफरनगर के पुरकाजी की रहने वालीं नायला सईद वर्ष 1994–95 में वीमेंस कॉलेज छात्रसंघ की अध्यक्ष रहीं हैं। वह एनएसएस की प्रभारी भी रहीं हैं। यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र व अमूबा लखनऊ के अध्यक्ष एसएम शोएब ने बताया कि एएमयू ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन लखनऊ की सचिव शहला



हक की बड़ी बहन नायला की शादी 1997 में ई. असद आलम से हुई थी। इसके बाद वह पति के साथ कनाडा चली गईं। वह वर्ष 2013–2017 तक एएमयू एलुमनाई एसोसिएशन कनाडा की अध्यक्ष रहीं हैं।

## कांग्रेस ही कर सकती है संविधान की रक्षा–सैयद मुनीर अकबर

अलीगढ़ |उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम के आह्वान पर एक बैठक अलीगढ़ के चर्च कम्पा. उन्ड में आयोजित की गई |आपको बता दें कि यहां पश्चिम उत्तर प्रदेश में ष्संविधान रक्षा यात्राष् की शुरुआत 16 फरवरी को अलीगढ़ से होने जा रही है जिसके लिए प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने अलीगढ़ मंडल के सभी पदाधिकारियों को यात्रा सफल बनाने पर विचार विमर्श किया और अलीगढ़ से शुरू होने वाली यात्रा का प्रभारी विंसेंट जोयल को बनाया |प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने कहा कि जो संविधान बदलकर देश के संसाधनों पर पहला हक अडानी और अंबानी को देना देना चाहते हैं इनको देश की करोड़ों जनता की जिंदगी से कोई लेना देना नहीं है, अलबत्ता दलित महिलाओं अल्पसंख्यकों को और गरीबों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाने वाले इन लोगों को के निशाने पर इस देश का पवित्र संविधान बहुत पहले से है |सैयद मुनीर अकबर ने कहा कि महात्मा गांधी व डॉ.भीमराव अम्बेडकर की विरासत और संविधान की रक्षा,संवर्धन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए संविधान रक्षा यात्रा की जरूरत पड़ी |बैठक में कार्यकर्ताओं को विंसेंट जोयल,सैयद अबरार अली,अनवर अकील,कुं.जमीर अहमद और कांग्रेस नेत्री लीना कुमार ने भी संबोधित किया और संविधान की रक्षा के लिए इस यात्रा को सफल बनाने का आ. हवान भी किया |इस दौरान यहां पर एटा के जिला चेयरमैन अफजल खां,शहर चेयरमैन लाला अली, कासगंज के जिला चेयरमैन डॉ.मोहम्मद अली,शहर चेयरमैन शम्शुद्दीन खान उर्फ एसएस.खां आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ के थाना छर्रा क्षेत्र के छर्रा में युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली

अलीगढ़ के थाना छर्रा क्षेत्र के छर्रा में युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। छर्रा निवासी एक युवती ठ। की छात्रा थी। परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र का ही एक युवक युवती को फोन कर परेशान किया करता था। जबकि युवती द्वारा लिखे गए प्रेस नोट में उसने प्रेमी द्वारा शादी न करने की वजह बताते हुए विषाक्त पदार्थ खाया है |परिजनों का आरोप है कि सोमवार शाम करीब 6:00 बजे युवक के द्वारा युवती को विषाक्त पदार्थ दिया गया था जिसके बाद युवती ने उसे खा लिया। विषाक्त पदार्थ खाने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। इलाज के लिए श्रछ मेडिकल में भर्ती कराया गयाजहां सोमवार मंगलवार मध्य रात्रि 12 30 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। फिलहाल थानाध्यक्ष ने सभी पहलुओं पर जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

### छह सांसद बने कोर्ट सदस्य, हाथरस के अनूप प्रधान और संभल के जियाउर्रहमान बर्क संग इन्हें रखा

अलीगढ़ सांसद सतीश कुमार गौतम, बुलंदशहर सांसद डॉ. भोला सिंह तीसरी बार कोर्ट सदस्य बनाए गए हैं। हाथरस सांसद अनूप प्रधान, सहारनपुर सांसद इमरान मसूद, मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) सांसद अबू ताहिर खान, संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क पहली बार कोर्ट सदस्य बने हैं |संभल बवाल के आरोपी संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और हाथरस सांसद अनूप प्रधान समेत छह लोकसभा सदस्य अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) कोर्ट सदस्य बनाए गए हैं। लोकसभा और राज्यसभा से 10 सदस्य यूनिवर्सिटी कोर्ट सदस्य बनाए जाते हैं |भाजपा से अलीगढ़ के सांसद सतीश कुमार गौतम, बुलंदशहर के भाजपा सांसद डॉ. भोला सिंह तीसरी बार कोर्ट सदस्य बनाए गए हैं। वहीं, हाथरस के भाजपा सांसद अनूप प्रधान, सहारनपुर के कांग्रेस सांसद इमरान मसूद, मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) के टीएमसी सांसद अबू ताहिर खान, संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क पहली बार कोर्ट सदस्य बने हैं। इनकी नियुक्ति तीन साल या लोकसभा सदस्य रहने तक होगी |सांसद सतीश गौतम एएमयू को लेकर काफी मुखर रहे हैं। राजा महेंद्र सिंह की जयंती एएमयू में मनाने और जिन्ना प्रकरण को लेकर एएमयू छात्र और सांसद सतीश गौतम के बीच वाक युद्ध भी रहा। वहीं, राज्यसभा कोटे से सांसद गुलाम अली जम्मू–कश्मीर, इमरान प्रतापगढ़ी उत्तर प्रदेश, एए रहीम केरल और हरनाथ सिंह यादव उत्तर प्रदेश कोर्ट सदस्य हैं, जिनका कार्यकाल 7 अगस्त 2026 को पूर्ण होगा

## अलीगढ़ में दिल के रोगी बच्चों का होता है फ्री में इलाज, अबतक 1600 ऑपरेशन हुए

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के उपक्रमों के द्वारा अलग–अलग विभागों में ख्याति प्राप्त की जा चुकी है लेकिन अगर अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कॉलेज की बात कही जाए तो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज के द्वारा अब तक कई ऐसे दिल के मरीजों का सफल इलाज किया है, जिनको लेकर प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के द्वारा हाथ खड़े कर दिए गए थे. लेकिन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने मेडिकल कॉलेज के द्वारा ऐसे मरीजों को नया जीवन देने का काम किया है. जिसको लेकर एक बार फिर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का मेडिकल कॉलेज सुर्खियों में है.दरअसल पूरा मामला अलीगढ़ के अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कालेज का है, जहां उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के चार प्रमुख चिकित्सा संस्थानों को शामिल किया गया है. इनमें लखनऊ स्थित ँळच्ळप् (संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान), ज्ञळडन् (किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी), नोएडा का सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (।डन्) का जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज JNMC शामिल हैं.7 वर्षों में 1600 से अधिक बच्चों का सफल ऑपरेशनइन संस्थानों में बच्चों के हृदय रोगों से संबंधित मुफ्त सर्जरी और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है. खासकर श्रछडब् अलीगढ़ में दिल की सर्जरी सबसे अधिक संख्या में की जाती है. पिछले सात वर्षों में यहां 1600 से अधिक बच्चों के हृदय ऑपरेशन किए जा चुके हैं. सरकार द्वारा यहां मिलने वाले फंड की मात्रा भी अन्य केंद्रों की तुलना में अधिक होती है. हर साल श्रछडब् को 3 से 4 करोड़ रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है. इस अस्पताल में कुल 20 बेड उपलब्ध हैं, जिसमें से 11 बेड आईसीयू (गहन चि. कत्सा कक्ष) के लिए आरक्षित हैं. बच्चों के दिल की सर्जरी के लिए यहां 6 महीने तक की वेटिंग रहती है, जिससे साफ होता है कि यह केंद्र उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं के लिए पूरे प्रदेश में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है.कार्डियोथोरे. सिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर आजम हसीन ने बातचीत में बताया कि सरकार ने उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चार चि. कत्सा केंद्रों को इस कार्य के लिए नामित किया है. इन सभी केंद्रों पर 18 साल तक के बच्चों की हार्ट सर्जरी पूरी तरह से मुफ्त की जाती है. उन्होंने कहा कि हमारे संस्थान में बच्चों के दिल की लगभग सभी प्रकार की सर्जरी की जाती हैं. इनमें कई उच्च जोखिम (हाई–रिस्क)



वाली सर्जरी भी शामिल होती है. यह उपलब्धि इसलिए संभव हो पाई है क्योंकि हमारे पास एक उत्कृष्ट चिकित्सा टीम उपलब्ध है. उन्होंने यह भी बताया कि हमारे पास कुशल नर्सिंग स्टाफ, अनुभवी डॉक्टर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं हैं, जिससे यह जटिल सर्जरी संभव हो पाती है. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उच्च जोखिम वाली हार्ट सर्जरी के लिए और अधिक केंद्रों की आवश्यकता है.सिद्धार्थनगर के ऋषभ की सफल सर्जरी की कहानीहाल ही में उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के 6 वर्षीय ऋषभ की जटिल हार्ट सर्जरी श्रछडब् अलीगढ़ में की गई. ऋषभ जन्म से ही सांस लेने में कठिनाई महसूस करता था. जब वह रोता था, तो उसका चेहरा नीला पड़ जाता था. कुछ समय बाद उसे खून की उल्टियां भी होने लगीं, जिससे उसके माता–पिता चिंतित हो गए. अलग–अलग अस्पतालों में जांच कराने के बाद डॉक्टरों ने बताया कि उसे ष्टेट्रालॉजी ऑफ फेलोटष् नामक गंभीर जन्मजात हृदय दोष था. इस बीमारी के कारण ऋषभ का हृदय सही ढंग से कार्य नहीं कर रहा था. कई बड़े अस्पतालों ने इस उच्च जोखिम वाली सर्जरी को करने से मना कर दिया. उच्च जोखिम वाली हार्ट सर्जरी के लिए पूरे उत्तर भारत में बहुत कम चिकित्सा संस्थान हैं, जहां छोटे बच्चों की सर्जरी की जाती है. अधिकांश केंद्र केवल बड़े बच्चों के लिए हार्ट सर्जरी करते हैं, क्योंकि छोटे बच्चों की सर्जरी में अत्यधिक जटिलताएं और जोखिम होते हैं.सर्जरी के दौरान हुए महत्वपूर्ण कदम इसी दौरान ऋषभ के परिवार को श्रछडब् अलीगढ़ में बच्चों की उन्नत कार्डियक सर्जरी की सुविधा के बारे में जानकारी मिली. ऋषभ को श्रछडब् में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शाद अबकरी के पास लाया गया. उन्होंने ऋषभ की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विभाग में भेजा. सर्जरी की जिम्मेदारी डॉ. सैयद शमयाल रब्बानी के नेतृत्व में एक विशेषज्ञ टीम को दी गई. इस टीम में शामिल थे. डॉ. मोहम्मद आजम हसीन, डॉ. आमिर मोहम्मद, डॉ. सबीर अली खान, डॉ. इरशाद शेख इन चिकित्सकों ने ऋषभ की सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया.डॉक्टरों ने ऑपरेशन के दौरान 50 मिनट तक ऋषभ के हृदय और फेफड़े को रोक दिया. इस दौरान जन्मजात दोषों को सावधानीपूर्वक ठीक किया गया.डॉ. सबीर अली खान और इरशाद शेख ने हृदय और फेफड़े के कार्यों का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया. डॉ. दीप्ति चानना, डॉ. निदा और डॉ. इमामुद्दीन की एनेस्थीसिया टीम ने भी अपनी भूमिका बखूबी निभाई. सर्जरी पूरी होने के बाद ऋषभ को पोस्ट–ऑपरेटिव देखभाल में रखा गया, जहां नर्सिंग टीम ने उसकी उत्तम देखभाल की.JNMC की उपलब्धियों पर विशेषज्ञों की राय भी सामने आई है.प्रोफेसर मोहम्मद आजम हसीनयह JNMC और दोनों के लिए गर्व का क्षण है कि हमारे संस्थान में इतनी जटिल और दुर्लभ हृदय सर्जरी सफलतापूर्वक की गई.डॉ. शाद अबक. रीभारत में केवल कुछ ही सरकारी अस्पताल हैं, जो इस तरह की जटिल सर्जरी कर सकते हैं. यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है.डॉ. शमयाल रब्बानी टेट्रालॉजी ऑफ फेलोट की स्थिति में सर्जरी बेहद जटिल और उच्च जोखिम वाली होती है. लेकिन हमारी टीम ने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया.डॉ. आमिर मो. हम्मद JNMC में हम लगातार जटिल हृदय सर्जरी में अपनी विशेषज्ञता को बढ़ा रहे हैं और दूर–दराज से आए मरीजों को भी सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रहे हैं.JNMC में मुफ्त इलाज का लाभ कैसे उठाएं? 18 साल से कम उम्र के बच्चे जिनको हृदय संबंधी समस्या है, वे यहां फ्री इलाज के लिए आवेदन कर सकते हैं. राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार का खर्च नहीं उठाना पड़ता. जरूरतमंद परिवार सरकारी अस्पतालों से रेफर होकर यहां इलाज के लिए पहुंच सकते हैं. श्रछडब् अलीगढ़ उत्तर प्रदेश का प्रमुख हृदय सर्जरी केंद्र बन चुका है. यहां 1600 से अधिक सफल सर्जरी हो चुकी हैं. सरकार द्वारा सबसे अधिक आर्थिक सहायता भी इसी केंद्र को दी जाती है. विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम यहां दुर्लभ और जटिल हृदय सर्जरी को सफलता पूर्वक अंजाम देती है. यह निस्संदेह गरीब और जरूरतमंद बच्चों के लिए एक वरदान है.

## बाइक की टक्कर से व्यक्ति घायल, रिपोर्ट दर्ज

देवदत्त अपने दोस्त कन्हैया के साथ बरका चौकी के समीप बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान सोमना की ओर से तेज गति से आई बाइक ने देवदत्त और कन्हैया को टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।3 फरवरी को खैर की बरका चौकी के समीप बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई है।गांव बिहारीपुर निवासी राजेश के अनुसार उनका चचेरा भाई देवदत्त अपने दोस्त कन्हैया के साथ बरका चौकी के समीप बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान सोमना की ओर से तेज गति से आई बाइक ने देवदत्त और कन्हैया को टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना पुलिस के अनुसार बाइक चालक की तलाश की जा रही है।



# हाथरस में बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या, लेन-देन का विवाद आया सामने

## दूध का कारोबार करते थे बुजुर्ग, घटना के जल्द खुलासे का पुलिस ने किया दावा

हाथरस हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला डांडा में दूध लेने जा रहे बुजुर्ग की कुछ लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी. सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है.हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव शीतलबाड़ा के बुजुर्ग राजेंद्र सिंह (60) रोजाना की तरह नगला डांडा में मंगलवार सुबह दूध लेने जा रहे थे. जब वह नगला डांडा के नजदीक पहुंचे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी. गोलियों की आवाज सुन असपास से लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर वहां से फरार हो चुके थे. सूचना पर कोतवाली पुलिस और आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की. डॉग एस्कॉर्ट को भी मौके पर बुलाया गया.मृतक के बेटे विपिन कुमार ने बताया कि उसके पिताजी की गोली मार कर हत्या की गई है. कुछ



लोगों से दूध के लेनदेन को लेकर पहले भी लड़ाई हो चुकी है. बुजुर्ग की हत्या से परिवार में कोहराम मचा है. पुलिस परिजनों से जानकारी ले रही है. लेनदेन के विवाद के बिंदु पर भी छानबीन की जा रही है. पुलिस ने जल्द घटना के खुलासे की बात कही है.एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि राजेंद्र सिंह दूध का कारोबार करते थे. वह सुबह–सुबह दूध कलेक्शन के लिए निकले थे, तभी किसी व्यक्ति ने उन्हें गोली मार दी. तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. घटना के खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया गया है, उन्हें घटना के शीघ्र खुलासे का भरोसा जताया.

# हाथरस में पॉलिटेक्निक छात्रा का अपहरण, किडनैपर ने इंजीनियर पिता से मांगे 25 लाख की फिरौती

हाथरस एमजी पॉलिटेक्निक कॉलेज में परीक्षा देने गई छात्रा के अपहरण की खबर है. अपहरणकर्ता ने छात्रा के अभियंता पिता को फोन कर 25 लाख रुपये की फिरौती की मांग की है. छात्रा के परिजनों की तहरीर के बाद एसपी ने खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया है. बहरहाल देर रात तक पुलिस को अपहर्ता के बारे में कोई सुराग नहीं मिला है.बताया गया कि बिजली विभाग में अभियंता की बेटी एमजी पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्रा है. वह सोमवार सुबह 11: 30 बजे करीब प्रैक्टिकल देने के लिए ऑटो से कॉलेज के लिए निकली थी. शाम पांच बजे तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता हुई. इसी बीच अभियंता के पास 25 लाख रुपये फिरौती देने के लिए एक फोन आया. काफी सोच विचार के बाद अभियंता ने सदर कोतवाली में बेटी की गुमशुदगी और फिरौती मांगे जाने की सूचना दी. हरकत में आई पुलिस ने छात्रा की खोज भी शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका है.एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि शहर के एमजी पॉलिटेक्निक कॉलेज में परीक्षा देने गई छात्रा घर नहीं पहुंची है. परिजनों ने बेटी घर नहीं पहुं. चने के अलावा एक अज्ञात फोन द्वारा फिरौती मांगने के बाबत तहरीर दी है. इस मामले में सुसंगत धाराओं मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है. घटना के खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया गया है. जल्द से जल्द घटना के खुलासे का प्रयास किया जा रहा है.

# सादाबाद में आलू व्यापार में धोखाधड़ी का मामला दोस्त ने पैसों के लिए युवक को नहर में धक्का दिया, दो आरोपी गिरफ्तार

हाथरस के सादाबाद में एक व्यापारिक लेनदेन ने दोस्ती को खत्म कर दिया। पुलिस ने बुर्ज धानौटी के रजवाहे से मिले एक युवक की हत्या का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।मामला 4 जनवरी का है, जब हरेंद्र नाम के युवक का शव नहर में मिला। मृतक के भाई कप्तान सिंह की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि हरेंद्र और उसका दोस्त संजू उर्फ संजय कुमार मिलकर आलू का व्यापार करते थे। हरेंद्र ने अपना आलू संजू के नाम से कोल्ड स्टोरेज में रखवाया था।शीला पदार्थ पिलाकर नहर में धक्का दिया थापूछताछ में संजू ने बताया कि उसने आलू बेच दिया, लेकिन हरेंद्र को पैसे नहीं दिए। बार–बार पैसे मांगने से नाराज होकर उसने हरेंद्र की हत्या की योजना बनाई। 3 जनवरी को संजू ने अपने साथी धर्मेंद्र (निवासी नगला फत्ता) के साथ मिलकर हरेंद्र को नहर पर बुलाया। उसे नशीला पदार्थ पिलाकर नहर में धक्का दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी को लगा था कि पुलिस इसे पानी में डूबने से हुई मौत मान लेगी और वह बच जाएगा, लेकिन पुलिस की जांच में सारा मामला सामने आ गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# हाथरस में मौसम ने करवट ली

हाथरस में मौसम ने करवट ली है। आज सुबह से आसमान में घने बादल छाए रहे और कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी दर्ज की गई। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में भी गिरावट देखी गई है। पिछले कुछ दिनों से जहां दिन में तेज धूप और शाम से रात तक सर्दी का अहसास हो रहा था, वहीं आज सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला रहा।सुबह की धूप के बाद आसमान में बादल छा गए और दिनभर सूरज–बादल की आंख–मिचौली का खेल चलता रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, कल जहां अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस था, वह आज घटकर 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।तापमान में आ सकती है गिरावट हालांकि न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों का पूर्वानुमान है कि आने वाले एक से दो दिनों में कोहरे के साथ–साथ बारिश की भी संभावना है। इससे तापमान में और गिरावट आ सकती है।

# हाथरस तहसील सदर में बदमाशों ने बीती . रात एक बड़ी चोरी को अंजाम दिया

हाथरस तहसील सदर में बदमाशों ने बीती रात एक बड़ी चोरी को अंजाम दिया। बदमाशों ने डीआईजी स्टांप और रजिस्ट्री कार्यालय की पिछली दीवार काटकर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने कार्यालय की तिजोरी तोड़कर 4 लाख रुपए से अधिक की नकदी, सीसीटीवी कैमरे और उनकी डिवाइस चुरा ली।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने मौके का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि बदमाशों ने कार्यालय में रखी फाइलों और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी खंगाला और उन्हें अस्त–व्यस्त कर दिया, जिससे महत्वपूर्ण दस्तावेजों की चोरी की आशंका भी जताई जा रही है।सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक यह सामने आई कि इतने महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय में न तो कोई सुरक्षा कर्मी तैनात था और न ही कई कमरों में ताले लगे थे। सुबह जब कर्मचारियों को चोरी की जानकारी मिली, तब उन्होंने अधिकारियों को सूचित किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस घटना के बाद पूरे तहसील परिसर में खलबली मच गई। अधिकारी अब दस्तावेजों के बारे में यह जानने में लगे हैं कि बदमाश किन महत्वपूर्ण दस्तावेजों को चोरी कर ले गए हैं।

# भाईचारा सेवा समिति के तत्वाधान में बसंत .पंचमी पर काव्य उत्सव का आयोजन

सिकंदराराऊ। भाईचारा सेवा समिति के तत्वावधान में बसंत पंचमी के अवसर पर बसंत काव्योत्सव 2025 का आयोजन आर.के.यादव इण्टर कालेज अगसौली चौराहा पर स्कूल प्रबन्धक अमर सिंह यादव की अध्यक्षता में किया गया जिसका संचालन शायर आतिश सोलंकी ने किया।मुख्य अतिथि के रुप में रजत यादव नायब तहसीलदार हसायन तहसील सि.राऊ, विशिष्ट अतिथि अशोक जादौन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय पंचायत परिषद, समाजसेवी जयपाल सिंह चौहान, बबलू सिसौदिया नवनियुक्त प्रदेश महासचिव अखिल भारतीय पंचायत परिषद, योगेन्द्र राजपूत जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा भाजपा हाथरस, भाईचारा सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश यादव संघर्षी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरपाल सिंह यादव ने मां सरस्वती के सामने माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आमन्त्रित सभी अतिथि, समाजसेवियों कवियों को आयोजक रिंकू यादव, कर्तव्य कुमार लेखपाल व स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार द्वारा सम्मानित किया ।बसंत काव्योत्सव में सरस्वती वन्दना से शायर अब्दुल कदीर जिया ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। शायर आ. तिश सोलंकी ने पढ़ा –हो दुनिया की






बादशाहत सोने का घर हमारा पापा बगैर हम को कुछ भी नहीं गवारा कवि महेश यादव संघर्षी ने पढ़ा–ऋतुओं के राजा छाये हैं,चारों और बसंत हैंबरसा गरमी शरद और हेमंत शिशिर बसंत हैवरिष्ठ शायर अहमद अमजदी बदायूँनी ने पढा. हन्दू ना समझना ना मुसलमान समझना जालिम को हमेशा बुरा इंसान समझना दिल्ली से पधारे गीतकार सर्जन शीतल ने पढारख लिया है तो उपवास मत तोडना जो भी सम्बन्ध है खास मत तोडना अलीगढ से पधारे शायर जाहिद खान राहत ने पढ़ा मैं अभी तोड के आ जाऊंगा सारी रस्मेंसिर्फ इक बार इशारा करो जाने जाना.. एटा से पधारी कवयित्री अल्का सिंह अदभुत ने पढाकब तक मीरा बनकर के विष का प्याला पीना होगा कब तक हमको अग्नि परीक्षा देकर जीना होगा इनके अलावा शायर अहमद अमजदी बदायूं,डॉ.पी.एस.आलम चौधरी एटा,अवशेष विमल मानवतावादी सादाबाद,ओजकवि मनोज मंजुल कासगंज, डॉ.मुहम्मद मियां उझानी, कवयित्री गीता सिंह गीत सिकन्द्राराऊ, शायर शिवम अश्क सोरों, राजवीर तरंग बदायूं व कुमार शिव संभव ने शानदार काव्य पाठ किया। समारोह में जसवीर सिंह यादव,रुम सिंह यादव, राकेश बीज बाले,संतोष नाती, अरुण यादव,हनीश खान, शाहरुख खान,अखिलेश शास्त्री,डॉ. संजय कुमारप्रधानाचार्य,सर्वेश कुमार,दिनेश कुमार, श्रीनिवास मुनीम जी, संजीव यादव देव कुशवाह,विमल कुशवाह,रामनिवास चौहान, लेखराज, राकेश यादव,आदि मौजूद थे।

# सादाबाद पुलिस हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए नामजद दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हाथरस। पांच जनवरी को वादी कप्तान सिंह पुत्र प्रमचंन्द निवासी बुर्ज धानौटी थाना सादाबाद द्वारा लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि तीन जनवरी को शाम को वादी के भाई हरेन्द्र(मृतक) के पास अभियुक्त सन्जू उर्फ संजय कुमार का फोन आया और बम्बे पर बुलाया था । जिसके बाद वादी का भाई बम्बे पर चला गया था,उसके बाद उसका भाई वापस नही आया था । तथा चार जनवरी को वादी के भाई का शव बम्बे मे पडा हुआ मिला था । अभियुक्त संजू उर्फ संजय कुमार द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वादी के भाई की हत्या कर दी है । उक्त सूचना के आधार पर थाना सादाबाद पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया । मृतक की पोस्टमोर्टम रिपोर्ट मे मृत्यु का कारण ।दजम–उवतजमउ क्तवूदपदह होना आया है ।पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना सादाबाद को निर्देशित किया गया था । जिसके क्रम मे सोमवार तीन फरवरी को थाना सादाबाद



पुलिस द्वारा दो अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया है । जिनके नाम सन्जू उर्फ संजय कुमार पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी नगला फत्ता थाना सादाबाद, धर्मेन्द्र पुत्र प्रताप सिंह निवासी नगला फत्ता थाना सादाबाद जिला हाथरस है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सादाबाद पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त संजू उर्फ संजय कुमार द्वारा पूछताछ मे अपने जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि वह और हरेंद्र (मृतक) दोनो मित्र थे । मृतक द्वारा अपने आलू उसके नाम से कोल्ड स्टोर मे रखवा दिये थे । जिनको मेरे द्वारा बेच दिये गये और मृतक को पैसे नही दिये थे । मृतक द्वारा बार बार पेसे मांगने पर मैं मृतक से रंजिश मानने लगा था । तीन जनवरी को मैने हरेंद्र (मृतक) को बम्बे पर बुलाकर उसको नशा कराया और अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बम्बे मे धक्का दे दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम अति. रिक्त प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार थाना सादाबाद मय टीम जनपद हाथरस है।

## सादाबाद पुलिस हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए नामजद दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हाथरस। पांच जनवरी को वादी कप्तान सिंह पुत्र प्रमचंन्द निवासी बुर्ज धानौटी थाना सादाबाद द्वारा लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि तीन जनवरी को शाम को वादी के भाई हरेन्द्र(मृतक) के पास अभियुक्त सन्जू उर्फ संजय कुमार का फोन आया और बम्बे पर बुलाया था । जिसके बाद वादी का भाई बम्बे पर चला गया था,उसके बाद उसका भाई वापस नही आया था । तथा चार जनवरी को वादी के भाई का शव बम्बे मे पडा हुआ मिला था । अभियुक्त संजू उर्फ संजय कुमार द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वादी के भाई की हत्या कर दी है । उक्त सूचना के आधार पर थाना सादाबाद पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया । मृतक की पोस्टमोर्टम रिपोर्ट मे मृत्यु का कारण ।दजम–उवतजमउ क्तवूदपदह होना आया है ।पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना सादाबाद को निर्देशित किया गया था । जिसके क्रम मे सोमवार तीन फरवरी को थाना सादाबाद पुलिस द्वारा दो अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया है । जिनके नाम सन्जू उर्फ संजय कुमार पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी नगला फत्ता थाना सादाबाद, धर्मेन्द्र पुत्र प्रताप सिंह निवासी नगला फत्ता थाना सादाबाद जिला हाथरस है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सादाबाद पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त संजू उर्फ संजय कुमार द्वारा पूछताछ मे अपने जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि वह और हरेंद्र (मृतक) दोनो मित्र थे । मृतक द्वारा अपने आलू उसके नाम से कोल्ड स्टोर मे रखवा दिये थे । जिनको मेरे द्वारा बेच दिये गये और मृतक को पैसे नही दिये थे । मृतक द्वारा बार बार पेसे मांगने पर मैं मृतक से रंजिश मानने लगा था । तीन जनवरी को मैने हरेंद्र (मृतक) को बम्बे पर बुलाकर उसको नशा कराया और अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बम्बे मे धक्का दे दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार थाना सादाबाद मय टीम जनपद हाथरस है।

# महाकुंभ में शाही स्नान और अमृत स्नान में क्या अंतर होता है?

महाकुंभ मेले में स्नान करना आत्मा और मन की शुद्धि का प्रतीक है. महाकुंभ Mahakumbh 2025) के दौरान स्नान करने का महत्व और लाभ अधिक होता है. लेकिन महाकुंभ में केवल स्नान नहीं होता बल्कि शाही स्नान भी होता है. यह एक धार्मिक अनुष्ठान है. यह आयोजन ना केवल आध्ययात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि कुंभ मेले के शुभा. रंभ का प्रतीक माना गया है.महाकुंभ में शाही स्नान और अमृत स्नान को लेकर लोगों में बहुत संशय है. महाकुंभ में शाही स्नान और अमृत स्नान दोनों में बड़ा अंतर है. शाही और अमृत स्नान के बीच बहुत गहरा अंतर यह है कि महाकुंभ के दौरान पवित्र नदियों में स्नान को अगर हम शाही कहते हैं, इसकी छवि सिर्फ राजसी स्नान के रूप में ही बनकर रह जाएगी लेकिन अमृत स्नान कहलाने पर इसका प्रभाव जीवन में सकारात्मक रूप से पढ़ेगा. महाकुंभ में शाही स्नान क्या है? शाही स्नान कुंभ मेले का एक खास अनुष्ठान है. शाही स्नान कुछ प्रमुख तिथियों पर किए जाता है. इस दौरान



गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम पर लोग आस्था की डुबकी लगाते हैं. मान्यता है शाही स्नान करने से पाप दूर होते हैं. यह महाकुंभ के दौरान पवित्र नदियों में किये जाने वाले स्नान को अगर हम शाही कहते हैं. शाही स्नान साधु संतों को सम्मान के साथ स्नान कराया जाता है इसीलिए इसे शाही स्नान कहा जाता है. इस दौरान जल बेहद चमात्कारिक हो जाता है. शाही स्नान ग्रह नक्षत्रों के बेहद शुभ स्थिति में किया जाता है.महाकुंभ में अमृत स्नान क्या है?अमृत स्नान में पहले साधु संत स्नान करते हैं फिर श्रृद्धालु स्नान करते हैं. अमृत स्नान आत्मा को शुद्ध करता है और पापों का नाश होता है. इसमें विभिन्न अखाड़ों के साधु संत स्नान करते हैं. महाकुंभ में कुल 3 अमृत स्नान थे. पहला 14 जनवरी, 2025 मकर संक्रांति के दिन था, दूसरा 29 जनवरी, मौनी अमावस्या के दिन था, वहीं तीसरा अमृत स्नान 3 फरवरी, बसंत पंचमी के दिन था. इस दौरान लोग संगम तट पर पवित्र स्नान करते हैं.

## जया एकादशी कब है, देखें शुभ मुहूर्त, तिथि और व्रत के नियम

जया एकादशी का व्रत 8 फरवरी को रखा जाएगा और इस दिन भगवान विष्णु के साथ ही मां लक्ष्मी की भी पूरे विधि–विधान से पूजा की जाएगी। माघ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को जया एकादशी कहते हैं। मान्यता है कि जया एकादशी पर विष्णुजी की पूजा से जीवन में सुख–समृद्धि आती है और सभी कार्यों में आपकी जय होती है। यानी कि आपको सफलता प्राप्त होती है। इस व्रत में खानपान के नियमों का पालन बहुत जरूरी है। नियम न मानने से पूजा सफल नहीं होती और व्रत भी टूट सकता है। आइए आपको बताते हैं जया एकादशी की तिथि कब से कब तक है और साथ ही महत्व और व्रत के नियम भी जानिए।जया एकादशी का व्रत कब हैजया एकादशी का व्रत 8 फरवरी 2025, शनिवार को है। यह माघ महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी है। एकादशी तिथि 7 फरवरी रात 9 बजकर 26 मिनट से शुरू होगी। 8 फरवरी रात 8 बजकर 15 मिनट पर समाप्त

होगी। इसलिए व्रत 8 फरवरी को रखा जाएगा। व्रत का पारण 9 फरवरी को किया जाएगा।जया एकादशी व्रत में खानेपीने को लेकर कुछ नियम बताए गए हैं, जिनका पालन जरूरी है। पूरा लाभ पाने के लिए इन नियमों का पालन करें। व्रत के दौरान शकरकंद, कुट्टू के आटे से बनी रोटी खा सकते हैं। दूध, दही और फल भी खा सकते हैं। भगवान विष्णु को पंचामृत का भोग लगाएं। फिर उसे प्रसाद रूप में ग्रहण करें। इस व्रत में बाहर की बनी मिठाइयों का प्रयोग न करें और न ही बाहर की बनी चीजें खाएं।जया एकादशी व्रत में खानेपीने को लेकर कुछ नियम बताए गए हैं, जिनका पालन जरूरी है। पूरा लाभ पाने के लिए इन नियमों का पालन करें। व्रत के दौरान शकरकंद, कुट्टू के आटे से बनी रोटी खा सकते हैं। दूध, दही और फल भी खा सकते हैं। भगवान विष्णु को पंचामृत का भोग लगाएं। फिर उसे प्रसाद रूप में ग्रहण करें। इस व्रत में बाहर की बनी मिठाइयों का प्रयोग न करें और न ही बाहर की बनी चीजें खाएं।

## महाशिवरात्रि का व्रत कब रखा जाएगा, जलाभिषेक के साथ ही रात्रि चार प्रहर की पूजा का शुभ मुहूर्त

महाशिवरात्रि का व्रत भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए सबसे उत्तम तिथि मानी जाती है। इस दिन शिवालयों में जाकर लोग शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं और कच्चा दूध चढ़ाते हैं। इस साल महाशिवरात्रि का व्रत 26 फरवरी को रखा जाएगा। मान्यता है कि इस दिन व्रत करने से भगवान शिव आपके जीवन के सभी कष्ट दूर करते हैं और साथ ही दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ती है। मान्यता है कि यदि इस दिन पति और पत्नी साथ में शिवलिंग पर जलाभिषेक करें तो आपसी प्रेम बढ़ता है और दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ती है। आइए आपको बताते हैं महाशिवरात्रि पर किस मुहर्त में पूजा करना होगा सबसे शुभ और व्रत करने की उत्तम विधि। महा. शिवरात्रि कब है हिंदू पंचांग में बताए गए समय के अनुसार महाशिवरात्रि यानी कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 9 मिनट से आरंभ होगी और इसका समापन 27 फरवरी को सुबह 8 बजकर 55 मिनट पर है। महाशिवरात्रि की पूजा में रात्रि के




प्रहर की पूजा का महत्व खास माना जाता है इसलिए महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मानी जाएगी और इसका व्रत भी उसी दिन रखा जाएगा। व्रत का पारण 27 फरवरी को किया जाएगा।महा. शिवरात्रि पर जलाभिषेक का आरंभ सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही हो जाता है। लेकिन शिवलिंग पर जलाभिषेक का सुबह में सबसे अच्छा मुहूर्त सुबह 6 बजकर 48 मिनट से 9 बजकर 41 तक है। उसके बाद 11 बजकर 7 मिनट से 12 बजकर 34 मिनट तक जलाभिषेक होगा। उसके बाद बाद शाम में 3 बजकर 26 मिनट से 6 बजकर 9 मिनट तक और रात्रि में 8 बजकर 53 मिनट से 12 बजकर 1 मिनट तक पूजा का शुभ समय रहेगा।

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा –संम्पादक
मो:–8218049162,8273402499

**पीड़ित ध्यान दें**
यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं
यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।
यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

## अपने मन को गंदी आदतों से कैसे बचाएं, जानें प्रेमानंद महाराज के अनमोल वचन

प्रेमानंद जी महाराज एक महान संत और विचारक हैं जो जीवन का सच्चा अर्थ समझाते और बताते हैं. प्रेमानंद जी के अनमोल विचार जीवन को सुधारने और संतुलन बनाएं रखने में मार्गदर्शन करते हैं.यो जो मन है इसकी रचना भग. वान ने की है. भगवान कहते हैं इंद्रियों में मैं मन हूं. प्रेमानंद जी महाराज जी का मानना है कि अपने मन को छोड़ कर देखें, गंदी बात में जाएगा. ऐसा नहीं है मन अच्छी बात में भी लगेगा, लगाओगे तो लगेगा वो भी थोड़ी देर के लिए ,लेकिन बुरी बात में मन को लगाने की जरुरत नहीं है, बुरी बात की ओर अपने आप जाएगा. मन के स्वभाव रचना ऐसी है कि वह खुद बुरी तरफ जाएगा.मन के खेल में मनुष्य फंस गया है, वहां से निकल पाना बहुत ही मुश्किल कार्य है. आप जितना गलत करते जाओगे वो उतना नकारात्मक सोच आपके अंदर भरता जाएगा. उसरा परिणाम ये होगा आप तनाव में रहेंगे. भगवान की शरण में चले जाना ही सबसे अच्छा है. मन को




गलत ढंग से प्रयोग करना बंद कर दें, आपको जीवन का हर सुख नसीब होने लग जाएगा.अगर आपको अपने पति में या पत्नी में सुख नहीं मिला तो आपको विश्व में कहीं और सुख नहीं मिलेगा. हम धर्म के विरुद्ध जाते रहते हैं यह हमारा पाप बन जाता है. माया में फंस जाते हैं और भोगते भोगते इंद्रियों को नष्ट कर देते हैं. हमारा मन सोचना है एक बार और यह काम कर लेते हैं यह एक बार–एक बार को करने को आपका मन खराब कर देता है और आपका धर्म भष्ट हो जाता है. इसी पाप के कारण बुद्धि सही निर्णय नहीं ले पाती.मन को नियंत्रण में रखें,नाम जप करें, सतसंग करें, एक सीमा में रहें, समाज की सेवा करना सबसे अच्छा सुख है. किसी बिमार की सेवा करना आपको सुख का अनुभव करता है. दीन दुखी लोगों के दिल से जो आशीर्वाद निकलता है वो आपके मन को खुश करता है. किसी भूखे को खाना देना आपका मन शीतल करता है. मन को सत्य मार्ग में लगाएं. धर्म से जुड़े, आध्यातम से अपने मन को जोड़े. गंदी बातों से मन को बचाएं. अपने निश्चय को पक्का रखें. आपको सफलता अवश्य हासिल होगी.

## हनुमान जी के परम भक्त थे ये मुस्लिम शासक, किसी ने मंदिर बनाया तो किसी ने की भंडारे की परंपरा

पवनपुत्र हनुमान के कई भक्त हैं. हनुमान जी के भक्तों की सूची में मुस्लिम भक्त भी शामिल हैं. हनुमान जी अपने सभी भक्तों पर दया दिखाकर उन्हें संकट से मुक्त करते हैं, क्योंकि हनुमान जी केवल देवता ही नहीं बल्कि योद्धा भी है. ज्ञान, बल और पराक्रम के साथ दया भाव रखना ही उन्हें महान बनाता है. कई पौराणिक कथा–कहानियों में उल्लेख मिलता है कि कलयुग में संकटों को पार करने के लिए हनुमान जी आज भी मनुष्य की सहायता करते हैं. जो भक्त हनुमान जी का श्रद्धा भाव के साथ स्मरण करता है, उनके सब दुख दूर हो जाते हैं.देशभर में हनुमान जी के कई मंदिर हैं. लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि कुछ ऐसे प्रसिद्ध हनुमान मंदिर हैं जिन्हें मुस्लिम भक्तों ने बनवाया था. हनुमान जी ने इन मुस्लिम भक्तों पर आई विपदा और संकट से निकालने के लिए अपनी कृपा बरसाई थी. देश का प्रसिद्ध अयोध्या का हनुमान गढ़ी मंदिर और लखनऊ का अलीगंज हनुमान मंदिर मुस्लिम भक्तों ने बनवाया गया था. इन मंदिरों के निर्माण के पीछे दिलचस्प कहानी भी जुड़ी है.रामनगरी अयोध्या में स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर का निर्माण करीब 300 साल पहले हुआ था. वहीं लखनऊ के अलीगंज में महावीर मंदिर का निर्माण 6 जून 1783 को किया गया था. इन दोनों मंदिरों का निर्माण मुस्लिम शासकों द्वारा कराया गया था. हनुमान जी ने इनपर अपनी ऐसी कृपा बरसाई ये भगवान हनुमान के परम भक्त बन गए. हनुमान गढ़ी मंदिर, अयोध्या भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में हनुमानगढ़ी मंदिर स्थित है. अयोध्या की सरयू नदी के दाहिने तट पर ऊंचे टीले पर स्थित हनुमान मंदिर के दर्शन के बिना श्रीराम की पूजा अधूरी मानी जाती है. यह मंदिर देश के प्रसिद्ध मंदिरों में एक है, जिसका निर्माण मुस्लिम राजा ने कराया था. इतिहासकारों के अनुसार लगभग 300 साल पहले यहां के सुल्तान मंसूर अली




थे. एक रात उनके इकलौते बेटे की तबीयत बहुत ज्यादा खराब हो गई. तबियत ऐसी खराब हो गई जान बचना मुश्किल लग रहा था. तब उनके दरबार में किसी ने सुल्तान अली मंसूर को हनुमान की अराधना करने की सलाह दी. बेटे की प्राण रक्षा के लिए सुल्तान ने श्रद्धा से मन में हनुमान जी को याद किया.हनुमान जी की कृपा से उनके बेटे की सांसें सामान्य होने लगी और वह ठीक हो गया. इस घटना के बाद से हनुमान जी के प्रति सुल्तान की श्रद्धा बढ़ गई. सुल्तान ने अपनी 52 बीघा जमीन मंदिर और इमली वन के नाम कर दी. बाद में संत अभयारामदास के सहयोग और निर्देशन पर यहां हनुमान मंदिर का निर्माण हुआ, जिसे हनुमान गढ़ी के नाम से जाना जाता है.अलीगंज हनुमान मंदिर, लखनऊ कुछ इसी प्रकार लखनऊ के अलीगंज में भी हनुमान मंदिर का निर्माण हुआ. करीब 200 साल पहले पूर्व अवध के नवाब मुहम्मद अली शाह और उनके बेगम रबिया को संतान नहीं हो रही थी. काफी मन्नतों के बाद भी उन्हें औलाद नहीं हुआ. तब राबिया को किसी ने हिंदू संत के पास जाने की सलाह दी. औलाद न होने के कारण बेगम इतनी दुखी हो चुकी थी कि वह संत के पास चली गई. संत ने उन्हें सच्चे मन से हनुमान जी की अराधना करने को कहा.बेगम में हनुमान जी अराधना करनी शुरू कर दी. सपने में उसे हनुमान जी के दर्शन हुए. स्वप्न में हनुमान जी ने बेगम से कहा कि, इस्लामीबाड़ा टीले के नीचे दबी मूर्ति को निकालकर मंदिर निर्माण कराने को कहा. जब टीले की खुदाई हुई तो वहां सच में हनुमान जी की प्रतिमा निकली. हनुमान जी के आदेश के अनुसार बेगम ने मंदिर का जीर्णोधार कराया. इसके बाद मुहम्मद अली शाह और बेगम राबिया को औलाद सुख मिल गया.भगवान हनुमान में नवाबों की आस्था लखनऊ के अलीगंज में महावीर मंदिर का निर्माण 6 जून 1783 को किया गया था. इस मंदिर से न सिर्फ हिंदू बल्कि मुस्लिमों की आस्था भी जुड़ी है. मंदिर पुराना हो जाने के कारण यहां भक्तों का पहुंचना संभव नहीं था. तब नवाब सआदत अली खान की मां आलिया ने हनुमान मंदिर का निर्माण कराया. कहा जाता है कि, आलिया को कोई संतान नहीं थी. लेकिन हनुमान मंदिर में पूजा करने के बाद मंगलवार के दिन नवाब सआदत अली खान का जन्म हुआ. मन्नत पूरी होने के बाद आलिया ने मंदिर के ऊपर चांद–तारा भी लगवाया, जोकि आज भी है. ज्येष्ठ माह के बड़ा मंगल पर नवाब वाजिद अली शाह ने प्राचीन हनुमान मंदिर में लगने वाले मेले में बह्मभोज का आयोजन किया. उनकी बेगम की ओर से बंदरों को चना खिलाया जाता है. इस तरह से बड़ा मंगल पर भंडारे की परंपरा की शुरुआत हुई.

# कासगंज में पतंग उड़ाते समय हादसा बंदरों से बचने के चक्कर में छत से गिरा लड़का, मौत



कासगंज, पटियाली कस्बा में एक बालक की छत से गिर कर मौत हो गई। वह छत पर पतंग उड़ा रहा था, तभी बंदरों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बंदरों से बचने के प्रयास में वह छत से गिर गया और उसकी मौत हो गई कस्बा पटियाली के मोहल्ला नत्थू नगर मि. श्राना के रहने वाले शाकिर मंसूरी का 10 वर्षीय पुत्र आकिब दोपहर छत पर पतंग उड़ा रहा था, तभी अचानक से कुछ बंदर आकिब की ओर दौड़े, आकिब घबरा गया और घबराहट में छत से नीचे सड़क पर गिर पड़ा। छत से नीचे गिरने से उसके सिर में गंभीर चोटें आ गईं. ।उसकी चीख सुनकर परिजन और आस–पास के लोग एकत्रित हो गए। उसे घायल अवस्था में परिजन आनन–फानन में स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया। इसी दौरान जब आकिब को परिजन अलीगढ़ ले जा रहे थे, तभी उसने कासगंज के निकट पहुंचने पर दम तोड़ दिया। आकिब की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

## स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी पर केस दर्ज

कासगंज।ऐसी छात्रायें जो स्कूल आती जाती हैं जिनके साथ छेड़छाड़ करने वाले मनचले पनप रहे हैं जबकि प्रशासन द्वारा काफी शिकंजा कसने के बाबजूद भी ऐसे आरोपी पनप रहे हैं। हाल ही में एक मामला सामने आया है जहां सदर कोतवाली क्षेत्र में एक छात्रा ने एक युवक पर छेड़छाड़ करने व आपत्तिजनक हरकतें करने और मोबाइल पर मैसेज भे. जने का आरोप लगाया है। वहीं एक महिला पर आरोप लगाया है कि इस हरकत में एक महिला आरोपी का साथ दे रही है। छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। एक विद्यालय की छात्रा का आरोप है कि युवक भूरा निवासी चामुंडा मंदिर के पीछे एवं ग्राम नगला हीरा का एक महिला के द्वारा मिलीभगत करके उसे परेशान किया जा रहा है। छात्रा का आरोप है महिला व युवक मिले हुए हैं। युवक स्कूल आते–जाते समय उसे परेशान करता है। मोबाइल पर आपत्तिजनक वीडियो व मैसेज भेजता है। छात्रा का कहना है कि युवक ने उसे धमकी भी दी है। छात्रा ने बताया कि उसके पास मोबाइल की कॉल रिकॉर्डिंग भी है और अन्य सबूत भी मौजूद हैं। जनवरी के महीने में अलग–अलग दिनों में यह हरकतें आरोपी युवक ने छात्रा के साथ कीं। सदर कोतवाली निरीक्षक का कहना है कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।

## बहन के घर घूमने गये युवक के साथ हुआ कुछ ऐसा दर्दनाक हादसा, जानकर कांप जाएंगे



मरथरा कस्बे में एक अज्ञात युवक का कंकाल सडी गली हालत में पड़ा मिला था। शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त का प्रयास किया और पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। अब उसकी शिनाख्त हो गई है। जनपद के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम मरथरा कस्बे में वहन के घर घूमने गये युवक का सडा गला कंकाल एक खाली प्लाट में पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के कंकाल की शिनाख्त कासगंज निवासी युवक के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्याम नारायण सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली देहात पुलिस को सूचना मिली कि मरथरा कस्बे में एक अज्ञात युवक का कंकाल सडी गली हालत में पड़ा मिला है। शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त का प्रयास किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है।

## सामूहिक उपनयन संस्कार व ब्राह्मण सम्मेलन की बनाई रूपरेखा

सोरोंजी। तीर्थनगरी में वराह घाट पर ब्राह्मण कल्याण सभा की बैठक हुई। आगामी 5, 6 और 7 फरवरी को आयोजित होने वाले सामूहिक उपनयन संस्कार, ब्राह्मण सम्मेलन और अन्य कार्यक्रमों की अंतिम रूपरेखा तैयार की गई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभा के संस्थापक अध्यक्ष शरद पांडेय ने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में 101 बटुकों का विद्वान ब्राह्मण आचार्यों द्वारा उपनयन संस्कार कराया जाएगा। 5 फरवरी को सुबह 9 बजे मुंडन संस्कार, शाम 5 बजे गोष्ठी का आयोजन होगा। 6 फरवरी को सुबह 9 बजे बच्चों का आशीर्वाद कार्यक्रम, विप्र गौरव सम्मान व मेधावी छात्र सम्मान होगा। दोपहर 12 बजे ब्राह्मण सम्मेलन होगा। 7 फरवरी को दोपहर 1 बजे जनेऊ संस्कार संपूर्ण, दोपहर 2 बजे गंगा परिक्रमा देव दर्शन, शाम 5 बजे ब्रह्म भोज कार्यक्रम होगा। बैठक में सुरेंद्र महेरे, जयप्रकाश त्रिवेदी, सोमदत्त पाठक, हरिओम पचौरी, शिव वेंदेल, सौरभ उपाध्याय, मनीष पंडा, अतुल निर्भय आदि मौजूद रहे।

## रेल बजट में शहर के लोगों की बहुप्रतीक्षित कासगंज-मथुरा ट्रैक के दोहरीकरण की सौगात मिली

कासगंज से मथुरा तक ट्रैक के दोहरीकरण के बाद 105 किलोमीटर की यात्रा कम समय में हो सकेगी। इस ट्रैक के निर्माण के बाद नई ट्रेनों के संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा। कानपुर–कासगंज–मथुरा ट्रैक पर ट्रेन व गुड्स ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इस ट्रैक पर यात्रा के दौरान अधिक समय लगता है। शहर के व्यापारियों का कहना है कि ट्रैक के दोहरीकरण के बाद यात्रियों को सुविधा तो होगी ही। शहर में कारोबारी गतविधियों को गति मिलेगी। इस समय कासगंज से मथुरा के बीच सुबह 11 बजे के बाद पांच बजे तक कोई ट्रेन संचालित नहीं की जा रही है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। रेलवे बजट में वित्तमंत्रालय ने इस ट्रैक के लिए दो करोड़ 10 लाख रुपये की धनराशि भी स्वीकृत की है।रेलवे बजट में कासगंज–मपुरा ट्रैक के दोहरीकरण अवागमन में काफी सुविधा के साथ समय की भी बचत होगी। नई ट्रेनों की भी सौगात मिलेगी।–ऋतज माहेश्वरी, व्यापारीकासगंज से मधुरा के बीच सिंगल ट्रैक होने की वजह से समय अधिक लगता है। दो ट्रेनों के एक ही ट्रैक पर होने की स्थिति में ट्रेन को कास कराने में 10 मिनट खराब होते हैं।मनीष शर्मा, व्यापारीकासगंज–मथुरा के बीच हर रोज हजारों यात्री आवागमन करते हैं। ट्रैक के दोहरीकरण के बाद लोगों की पात्रा का समय कम होगा। नई ट्रेनों का संचालन भी संभव होगा।सोहन सिंह सोनी, कारोबारीकासगंज से मथुरा तक ट्रैक के दोहरीकर के बाद सोरों आने वाले श्रद्धातुओं को भी सुविधा होगी। यात्री कम समय में सोरों तक पहुंचेंगे। सोरों से हर रोज सैकड़ों श्रद्धालु मधुरा आवागमन करते हैं।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोरों परिसर की जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए



कासगंज, । जिलाधिकारी मेधा रूपम ने मंगलवार को नवीन निर्माणाधीन ड्रग वेयरहाउस एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरोंजी का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। टूटी बाउंड्री बाल को देखकर जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि वेयर हाउस की बाउंड्री वाल और मैन गेट को शीघ्र बनवा कर ठीक कराएं।जिलाधिकारी ने कहा कि सिक्योरिटी गार्ड रूम बनवाने तथा डिजीटल टॉयलेट का निर्माण कराया जाएं और विद्युत कनेक्शन शीघ्र कराया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरे परिसर की जल निकासी की भी समुचित व्यवस्था की जाए। ड्रग वेयर हाउस लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हो रहा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव अग्रवाल एवं सम्बंधित अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता विद्युत,कर्मचारी तथा निर्माण कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे।

कासगंज पुलिस द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप मा0 न्यायालय कासगंज द्वारा मारपीट के अभियोग में 04 अभियुक्तगण को दोषसिद्ध करते हुए न्यायालय उठने तक की सजा व 02–02 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।




## श्री सूरज प्रसाद डागा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया



कासगंज श्री सूरज प्रसाद डागा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों को कैंसर के कारण और बचाव के बारे में जानकारी दी गई। वहीं योग कराकर उन्हें फिट रहने के लिए प्रेरित किया गया।प्रांतीय अटल प्रमुख करण सिंह ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य कैंसर की रोक. थाम, पहचान और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होने कहा कि जीवन शैली में परिवर्तन करके 30 से 50 प्रतिशत कैंसर को रोक सकते है। तंबाकू का सेवन कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और लीन प्रोटीन से भरपूर आहार लेने पर ध्यान देना चाहिए। नियमित जांच कराते रहें, जिससे पहली स्टेज में ही बीमारी का पता चल जाए और उपचार शीघ्र हो सके। मोटापा कई तरह के कैंसर से जुड़ा हुआ है, इससे बचें। संतुलित आहार और नियमित योग से फिट रह सकते हैं। प्रधानाचार्य एवं सह प्रदेश निरीक्षक डॉ. भूपेंद्र कुमार सिंह ने भी महत्वपूर्ण जानकारियां। बच्चों को योग के कई आसन बताए गए और उनसे होने वाले लाभ भी बताए गए। इस दौरान कॉलेज के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## नाबालिग से कुकर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल पैसों का लालच देकर बच्चे से किया था कुकर्म, कासगंज पुलिस ने पकड़ा

कासगंज के गंजडुण्डवारा पुलिस ने एक नाबालिग बच्चे के साथ दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मुशीर ने गणतंत्र दिवस के दिन एक मासूम बच्चे को पैसों का लालच देकर अपना शिकार बनाया था।पुलिस के अनुसार, आरोपी मुशीर ने 26 जनवरी को नाबालिग बच्चे को पैसों का प्रलोभन देकर एक मकान में ले गया। वहां उसने बच्चे के साथ कुकर्म किया। उसे धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को आरोपी को सुजावलपुर से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि इस तरह के जघन्य अपराधों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।